# घर से ट्यूशन गए 17 साल के युवक का शव झाड़ियों में मिला

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। जिले के पदमपुर क्षेत्र में सोमवार शाम को घर से ट्यूशन गए 17 वर्षीय नाबालिग का शव सुबह झाड़ियों में संदिग्ध हालात में मिला। घटना की सूचना पाकर मौके पर पंहुची पदमपुर पुलिस ने घटनास्थल का मौका मुआयना किया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह जब 25 इलाके से गुजरने वाली नहर के किनारे से लोग खेतों में जा रहे थे। इसी दौरान राहगीरों ने 25 बीबी नहर के पास शव पड़ा देखा। जिस पर राहगीरों ने पदमपुर पुलिस को सूचना

■ **घर से ट्यूशन गए 17 वर्षीय नाबालिग का शव सुबह झाड़ियों में संदिग्ध हालात में मिला**

दी। वही घटना की सूचना मिलने पर इलाके में सनसनी फैल गई और मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

जानकारी के मुताबिक मृतक नमनदीप सिंह 17 पुत्र गुरलाभ सिंह घर से पदमपुर ट्यूशन के लिए निकला था जो शाम तक घर वापस नहीं लौटा। इसके बाद उसके परिजन तलाश कर रहे थे। इसी दौरान युवक का शव का मिल गया। जिस पर पदमपुर थानाधिकारी सुरेन्द्र राणा मौके पर पंहुचे और एफएसएल और एमओबी टीम को सूचना दी है। घटना को लेकर मौके पर पहुंची ने घटना की सूचना टीम को दी है। जिसके बाद टीम मौके पर पहुंचकर घटना के संबंध में साक्ष्य जुटायेगी। उसके बाद ही घटना के कारणों का खुलासा हो पायेगा।



**पदमपुर इलाके में झाड़ियों में युवक का शव संदिग्ध हालत में पड़ा मिला।**

**पोस्त तस्कर को 5 साल की सजा :** मादक पदार्थ डोडा पोस्त तस्करी के मामले में दोषी युवक को 5 साल के कठोर कारावास और 20 हजार रूपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई है। अर्थदंड अदा नहीं करने पर दोषी को छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। यह फैसला सोमवार को एनडीपीएस मामलों की विशेष अदालत के न्यायाधीश अजय कुमार भोजक ने सुनाया। न्यायालय के लोक अभियोजक विजेंद्र कुमार घिंटाला ने बताया कि सजा जगदीप सिंह निवासी 1 सी बड़ी को सुनाई गई है। इस मामले में एक अन्य आरोपी प्रेमसिंह निवासी 500 एलएनपी को बरी कर दिया गया। दोषी को बीएसएफ के सहायक समादेष्टा संजय सिंह ने 21 मार्च 2017 की रात को डोडा पोस्त सहित पकड़ा था। मादक पदार्थ तस्करी को लेकर मुखबिर की सूचना पर बीएसएफ की टीम कोठा पक्की मोड़ पर दोषी जगदीप सिंह को पकड़ा था। जगदीप सिंह के पास सफेद रंग के एक कट्टे में 8 किलोग्राम 200 ग्राम डोडा पोस्त बरामद हुई थी। मामले की जांच हिन्दुमलकोट थाना पुलिस ने की।

**चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार :** घडसाना पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी महावीर प्रसाद ने बताया कि चक एक जीडी (ए) निवासी रतिराम ने 11 मई को बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एएसआई यशपाल सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की। टीम ने जांच के बाद इस मामले में चक दो एसटीआर निवासी कुलदीप सिंह उर्फ किपा को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से चोरी की बाइक बरामद कर ली गई है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी वारदात से पहले रैकी करता था और चोरी की बाइक को तुरंत ही बेच भी देता था।

## सड़क का लेवल सही करने की मांग

**सूरतगढ़,**(कासं)। सूरतगढ़ उपखंड की ग्राम पंचायत पालीवाला के चक 1 एलएलपी में इंटरलॉकिंग सड़क के निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने मंगलवार को उपखण्ड अधिकारी संदीप कुमार काकड़ को ज्ञापन सौंपकर सड़क का लेवल सही करने और पानी निकासी की समुचित व्यवस्था की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि करीब 6-7 माह पूर्व गांव के वार्ड नंबर 9 में वेदप्रकाश के घर से स्कूल तक बनी सड़क का लेवल घरों से ऊंचा होने के कारण बारिश का पानी निकल नहीं पाता और ग्रामीणों के घरों में भर रहा है। ग्रामीणों के मुताबिक सड़क निर्माण से पहले ही उन्होंने सरपंच निराणी देवी को इस समस्या से अवगत कराया था, लेकिन उनकी बात को अनदेखा कर दिया गया।

ग्रामीणों ने एसडीएम को बताया कि सड़क निर्माण से पहले चौराहे के पास पानी निकासी की समुचित व्यवस्था थी, जो अब राजनैतिक रंजिश के चलते बंद कर दी गई। इससे चक का पानी बाहर नहीं निकल पाता, जिससे घरों और गलियों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है।

ग्रामीणों ने इस मुद्दे को लेकर 18 मार्च 2025 को विकास अधिकारी, पंचायत समिति सूरतगढ़ को प्रार्थना-पत्र सौंपकर पानी निकासी की मांग की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। हालात को और जटिल करते हुए ग्राम पंचायत द्वारा पानी की पाइपलाइन डालने के दौरान सड़क को उखाड़ दिया गया, जिससे ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क का लेवल सही न होने से गरीब परिवारों के मकानों को भारी नुकसान हो रहा है।

## गाजर मंडी निर्माण की स्वीकृति जारी

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। साधुवाली गाजर मंडी निर्माण के लिए सरकार ने हरी झंडी दे दी है। निर्माण कार्य मंडी डवलपमेंट फंड व कृषक कल्याण शुल्क की राशि 50-50 प्रतिशत राशि के अंशदान से करवाने की स्वीकृति दी गई है। अब गाजर मंडी में इसी साल निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा।

साधुवाली गाजर मंडी में का 62.67 बीघा में निर्माण किया जाना है। इसके लिए मंडी प्रबंधन को पुरानी एलएनपी नहर जमीन हस्तांतरित की जा चुकी है। यह जमीन करीब 45 मीटर चौड़ी और 3.5 किमी लम्बाई में है। मंडी निर्माण पर 19.04 करोड़ रूपए का बजट खर्च किया जायेगा। इसमें जमीन समतलीकरण, चारदीवारी, 60 दुकानें, किसानों के लिए भवन, प्लेटफार्म, सड़कें, गाजर धुलाई के लिए पानी के टैंक आदि का निर्माण करवाया जाना है।

किसानों को नहर के किनारे गाजर की धुलाई नहीं करनी पड़ेगी। मंडी परिसर में ही गाजर धुलाई पर पिड़ पर उपज रखकर बेचने की सुविधा मिलेगी। बेची गई गाजर के भुगतान की गारंटी भी मिलेगी। गाजर मंडी में गाजर धुलाई व खरीद-फरोख्त शुरू होने के बाद नहर के पानी में गाजर धुलाई बंद होगी। इससे पानी भी प्रदूषित नहीं होगा। जिले में करीब 20 हजार हेक्टेयर में गाजर का उत्पादन होता है। साधुवाली, कालूवाला, व आसपास के क्षेत्र में किसान बड़ी तादाद में गाजर की बुवाई करते हैं। एक बीघा में करीब 100 से 150 क्विंटल तक उत्पादन होता है। किसानों को गाजर धुलाई से लेकर खरीद-फरोख्त तक की सुविधा मिलेगी तो गाजर का बुवाई क्षेत्र भी बढ़ेगा।

## सार-समाचार

### डॉ.नीति शर्मा अति. प्राचार्य नियुक्त



**डॉ. नीति शर्मा के एसपी मेडिकल कॉलेज की अतिरिक्त प्राचार्य बनने पर प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी ने बधाई दी।**

**बीकानेर,** (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज बीकानेर में वरिष्ठ आचार्य (रेडियोथेरेपी) और आचार्य तुलसी कैंसर अनुसंधान केन्द्र की निदेशक डॉ. नीति शर्मा को राजस्थान सरकार ने अतिरिक्त प्राचार्य चतुर्थ के पद पर नियुक्त किया है। चिकित्सा शिक्षा ग्रुप-1 के उप शासन सचिव द्वारा जारी आदेश के तहत यह नियुक्ति की गई है। इस पद पर पूर्व में पीबीएम अधीक्षक डॉ. सुरेन्द्र कुमार कार्यरत थे। नई जिम्मेदारी मिलने पर कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी ने डॉ. नीति शर्मा को बधाई दी। प्राचार्य कक्ष में आयोजित संक्षिप्त स्वागत समारोह के दौरान डॉ. भूपेन्द्र शर्मा ने डॉ. नीति को पुष्प गुच्छ भेंटकर शुभकामनाएं दी। इस दौरान डॉ. अजय श्रीवास्तव, डॉ. सुदेश अग्रवाल, डॉ. शंकर लाल जाखड़, डॉ. राजकुमार निर्वाण, डॉ. मुकेश सिंघल और डॉ. अथिमान सहित अन्य चिकित्सकों ने भी डॉ. नीति को बधाई दी। प्राचार्य डॉ. गुंजन सोनी ने कहा की डॉ. नीति शर्मा की इस नियुक्ति से कॉलेज के प्रशासनिक और शैक्षणिक कार्यों में और अधिक मजबूती आने की उम्मीद है। उनकी विशेषज्ञता और अनुभव चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

### पार्क में जल मंदिर का लोकार्पण

**बीकानेर,** (कासं)। रोटरी बीकानेर मरुधरा की प्रेरणा से पवनपुरी के संजय पार्क में श्रीराम जल मंदिर का लोकार्पण किया गया। जल मंदिर का लोकार्पण गायत्री देवी गेदर, चंपालाल गेदर, शनयरा गेदर एवं क्लब अध्यक्ष रोटे. शहीद अहमद सिद्दीकी ने किया। अध्यक्ष सिद्दकी ने बताया कि दो लाख की लागत से बनी यह प्याऊ व्यवसायी एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष चम्पालाल गेदर, ओमप्रकाश गेदर, वेदप्रकाश गेदर, जगदीश गेदर एवं रोटरी क्लब मरूधरा पूर्व अध्यक्ष रोटे. कैलाश कुमावत व गेदर परिवार द्वारा बनवाई गई है। चम्पालाल गेदर ने पानी की महता को सर्वोपरि बताया। इस अवसर पर कैलाश कुमावत, रोटरी पूर्व प्रांतपाल अनिल माहेश्वरी, शशिमोहन मूंधड़ा, मनीष तापड़िया, पार्षद जामनलाल गजरा, आदि उपस्थित थे।

### भंडारी का जन्म शताब्दी समारोह

**बीकानेर,** (कासं)। महर्षि दयानंद मार्ग स्थित आर्य समाज मंदिर में देहदानी शांति भंडारी के जन्म शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के अध्यक्ष अशोक कुमार खन्ना ने कहा कि बहन भंडारी पूरा जीवन कर्तव्यनिष्ठा, सामाजिक सेवा, समर्पण तथा त्याग की साक्षात प्रतिमूर्ति थीं। वे जहां बीकानेर की प्रथम देहदानी थी। वहीं अपनी अर्जित 80 लाख से अधिक सम्पत्ति स्काउट गाइड संगठन, आर्य समाज, स्थानीय विभिन्न सामाजिक संगठनों के अतिरिक्त वैदिक धर्म और संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए समर्पित कर दिए।

# सिलेंडर हादसे में निगम से फायर सेफ्टी की जानकारी मांगी

**बीकानेर,**(कासं)। सिटी कोतवाली थाने के सामने पांच मंजिला मदान मार्केट के बेसमेंट में सिलेंडर फटने से हादसे की जांच में पुलिस ने नगर निगम से सुरक्षा और फायर सेफ्टी की जानकारी मांगी है। मलबे में दबकर 11 लोगों की मौत हो गई जिसकी जांच एसआईटी कर रही है।

■ **मदान मार्केट के बेसमेंट में सिलेंडर फटने से 11 जनों की मौत का मामला**

मदान मार्केट के दो मंजिला बेसमेंट में सिलेंडर फटने से पटिट्यां गिरी और मलबे में दबकर 11 लोगों की मौत हो गई। इस गंभीर हादसे की जांच के लिए आईजी ने एसआईटी गठित की है। पुलिस ने अपनी जांच में नगर निगम से मार्केट की सुरक्षा और फायर सेफ्टी सहित अन्य जानकारी मांगी हैं। इसके लिए निगम आयुक्त को पत्र लिखकर 7 सात बिन्दु में जानकारी मांगी हैं जो मुसीबत बन सकते हैं।

पुलिस ने मार्केट से संबंधित पूरे रिकॉर्ड की जानकारी प्रमाणित प्रतिलिपि सहित मांगी है। मार्केट करीब 30 साल पुराना बताया जा रहा है जिसका पूरा रिकॉर्ड मिलना मुश्किल है। रिकॉर्ड ढूंढना भी मुसीबत का काम होगा। पांच मंजिला मार्केट में दो मंजिल बेसमेंट बनाया गया जिसमें 20 दुकानें थी। इनके से अनेक दुकानों की कई बार रजिस्ट्री हो चुकी है। सबसे पहले जमीन खरीदकर मार्केट बनाने वालों का रिकॉर्ड तलाशा जा रहा है।

जांच कर रही पुलिस की एसआईटी ने हादसे में घायल लोगों से पूछताछ की है और उनके बयान लिए हैं। मलबे में जेवरात से भरी तिजोरी मिली थी जो उसके मालिक को सौंप दी गई है। मलबे में लाखों रूपए के जेवरात बरामद हुए हैं। पूरा मलबा हटने पर और भी जेवरात मिल सकते हैं। पुलिस के लिए उनके असली मालिकों का पता लगाना भी टेडी खीर होगा। जो दावेदार हैं, उनसे कागजात मांगे गए। मलबे से 30 गैस सिलेंडर मिले हैं। इनमें से 3 ही व्यावसायिक हैं। 13 घरेलू और 14 छोटे सिलेंडर हैं। ये सिलेंडर रसद विभाग को सौंप दिए गए हैं।

नगर निगम ने मदान मार्केट में हुई घटना के बाद दो अलग-अलग कमेटियां गठित की है। एक कमेटी तो इस घटना की जांच करेगी कि आखिर घटना क्यों हुई। दूसरी कमेटी पूरे शहर की भवनों को चैक करेगी और जहां गलत होगा उनके खिलाफ एक्शन भी करेगी। पहली कमेटी में बीडीए सचिव कुलराज मीणा, एक्सईएन चिराग गोयल, रेवंत सिंह, सुनील कुमार और स्वच्छता निरीक्षक रहेंगे।

## शादी समारोह में महिला से दुष्कर्म का प्रयास

**नोखा,** (कासं)। एक महिला ने थाने में दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज करवाया है। घटना 11 मई 2025 को एक शादी समारोह में हुई। दोपहर 12:30 बजे पीड़िता अपनी बुआ की बेटी के घर कमरे में अकेली थी।

आरोपी भीखाराम कमरे में घुस आया और महिला के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला के विरोध करने पर आरोपी ने अपने कड़े से उसके सिर पर वार कर दिया। इससे महिला के सिर से खून निकलने लगा। महिला की आवाज सुनकर उसकी सास ने आकर उसे बचाया।

पीड़िता ने बताया कि एक महीने पहले भी भीखाराम ने उसके नोखा स्थित घर में घुसकर उसके साथ दुष्कर्म किया था। आरोपी ने उसे और उसके छोटे बच्चों को जान से मारने की धमकी दी थी। इसी कारण वह पहले शिकायत नहीं कर पाई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# एमएसपी पर सरसों-चना बेचने का फिर मौका

**बीकानेर,** (कासं)। जिले के किसानों के लिए राहत भरी खबर है। सरकार ने समर्थन मूल्य पर चना और सरसों खरीद के लिए पंजीयन की सीमा दोगुनी कर दी है। इससे वे किसान भी लाभ उठा सकेंगे जो पहले पंजीयन से वंचित रह गए थे। पहले जहां सरसों खरीद के लिए 22,158 किसानों का पंजीयन हुआ था, अब सरकार ने पंजीयन की सीमा बढ़ाकर 44,000 कर दी है।

यानी अब अतिरिक्त 22,000 किसान सरसों तुलवाने के लिए नजदीकी ई-मित्र केंद्र पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। इसी तरह चना खरीद के लिए भी अब 8,000 किसानों को मौका मिलेगा। पहले पंजीकरण की सीमा कम होने के कारण कई किसान एमएसपी का लाभ नहीं ले पा रहे थे, लेकिन अब बढ़ी हुई संख्या से ज्यादा किसानों को फायदा मिलेगा। भारत सरकार ने सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 5950 प्रति

■ **सरकार ने समर्थन मूल्य पर चना और सरसों खरीद के लिए पंजीयन की सीमा दोगुनी कर दी है**

क्विंटल और चने का एमएसपी 5650 प्रति क्विंटल तय किया है। इस बार खरीद के तुरंत बाद किसानों को भुगतान भी त्वरित रूप से किया जा रहा है, जिससे उन्हें आर्थिक रूप से सहारा मिलेगा। राजफैड के क्षेत्रीय अधिकारी शिशुपाल सिंह ने बताया कि बीकानेर जिले में कुल 34 समर्थन मूल्य खरीद केंद्र स्वीकृत किए गए हैं। किसानों से अपील है कि वे जल्द से जल्द पंजीयन करवा लें और सरकार की इस योजना का पूरा लाभ उठाएं। इससे उनकी फसल का वाजिब दाम मिलेगा और बिचौलियों पर निर्भरता भी घटेगी।


राजस्थान सरकार

कार्यालय नगरपालिका मण्डल लूनकरनसर जिला बीकानेर

email:-nplunkaransar@rajasthan.gov.in

क्रमांक:-नपालू/2025-26/295 दिनांक:-12.5.2025

आपत्ति आमंत्रण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री तनवीर मालावत पुत्र श्री आर.के.मालावत जाति मालावत(मुसलमान)निवासी यू.आई.टी प्लॉट नं.02 दीनदयाल उपाध्याय सर्किल बीकानेर ने नगरपालिका लूनकरणसर में एक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि उसकी स्वामित्वसुदा कृषि भूमि ग्राम उच्छूंगदेसर तहसील लूनकरणसर के खसरा नम्बर 361/26 रकबा 0.7800 है, खसरा नम्बर 362/26 रकबा0.7600 है, खसरा नम्बर 363/26 रकबा 1.1800 है, खसरा नम्बर 364/26 रकबा 1.5800 है, खसरा नम्बर 365/26 रकबा 1.5800 है, कुल रकबा 5.8800 है, का कृषि से आवासीय प्रयोजनार्थ ले-आउट प्लान अनुमोदन किया जावे। जिस भूमि का कृषि से आवासीय प्रयोजनार्थ ले-आउट प्लान अनुमोदन करने सम्बन्धी किसी भी व्यक्ति को मालिकाना हक एवं अन्य कोई आपत्ति हो तो इस सूचना विज्ञापन के पश्चात 15 दिनों के भीतर-भीतर अपनी लिखित आपत्ति दस्तावेजों सहित नगर पालिका कार्यालय में प्रस्तुत करे। बाद गुजरने मियाद उज्रदारी कोई आपत्ति नही आने पर उक्त भूमि का कृषि से आवासीय प्रयोजनार्थ ले-आउट प्लान अनुमोदन संबंधी अपेक्षित कार्यवाही की जावेगी।

सूचित हो। अधिशाषी अधिकारी नगरपालिका लूनकरणसर


# हालात ठीक, बीकानेर में स्कूल-कॉलेज खुले

**बीकानेर,**(कासं)। भारत पाकिस्तान के बीच सीज फायर होने के साथ ही सब कुछ सामान्य हो गया है। बीकानेर में स्कूल एक बार फिर खुल गए हैं। वहीं महाराजा गंगासिंह यूनिवर्सिटी से जुड़े सभी कॉलेज फिर से परीक्षा की तैयारी में जुट गए हैं।

बीकानेर की सभी कोचिंग भी बुधवार से शुरू हो गई हैं। उधर नाल एयरपोर्ट पर भी कई दिनों बाद हलचल नजर आ रही है। हालांकि कोई फ्लाइट नहीं उड़ रही है। जिला कलेक्टर के आदेश मिलने के साथ ही प्राइवेट और सरकारी स्कूल शुरू हो गए। देर रात ही सभी स्कूल ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर स्कूल फिर से शुरू होने के मैसेज कर दिए थे। सुबह सवेरे सड़कों पर फिर से स्कूली वाहनों की रेलमपेल नजर आई। हालांकि अगले तीन-चार दिन में स्कूलों में छुट्टियां हो जायेगी।

बीकानेर एयरपोर्ट पर एक बार फिर फ्लाइट्स शुरू हो रही है। यहां बुकिंग कम होने के कारण मंगलवार को कोई उड़ा नहीं है लेकिन बुधवार की फ्लाइट्स बुकिंग अब हो रही है। यहां बीकानेर से दिल्ली वाया जयपुर और बीकानेर से सीधे दिल्ली की फ्लाइट्स शुरू हो गई है। एयरपोर्ट डायरेक्टर राजेंद्र सिंह वाघेला ने बताया कि संबंधित निजी विमान कंपनियां मंगलवार से ही फ्लाइट्स शुरू कर सकती है लेकिन आज इंडिगो की तय फ्लाइट नहीं उड़ रही है। बीकानेर से जैसलमेर के लिए रद्द हुई रेल सेवा भी फिर से सुचारु हो गई।

## नोखा में 4 दिन में जलापूर्ति

**नोखा,** (कासं)। जिले के नोखा में स्थित फौजी कॉलोनी के निवासी गंभीर जल संकट का सामना कर रहे हैं। कॉलोनी के नलकूप कनेक्शन से घरों तक पानी नहीं पहुंच रहा है। स्थिति यह है कि पिछले 4 दिनों से केवल 10-15 मिनट तक ही पानी की आपूर्ति हो रही है।

वार्ड के युवा रेवंत ओझा ने मोहल्लेवासियों के साथ मिलकर इस समस्या को अधिकारियों के संज्ञान में लाया। जांच में पता चला कि कुछ लोगों ने जलहोद से 100 से 200 फीट लम्बे पाइप लगाकर अवैध रूप से पानी का कनेक्शन ले रखा है। ये पाइप 24 घंटे सड़कों और गलियों में फैले रहते हैं। स्थानीय निवासियों ने स्टोरेज और नलकूप के बावजूद पानी की समस्या पर नाराजगी जताई। लोग महंगे टैंकर मंगवाने को मजबूर हैं।

# सिंचाई पानी देने और असमान वितरण पर रोक लगाने की मांग

**श्रीगंगानगर,**(कासं)। शेयर रिवाइज कर गंगनहर में किसानों को 20 मई तक 2500 क्यूसेक पानी देने व पानी के असमान वितरण पर रोक लगाने सहित 12 सूत्री मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा से जुड़े किसान एडीएम से मिले। किसानों ने सिंचाई पानी के संकट से निपटने की मांग करते हुए कहा कि देश की सीमाओं पर तनाव है इसके बावजूद फसलों की बुवाई के लिए सिंचाई पानी नहीं देकर सरकार और सिंचाई विभाग हमें आंदोलन के लिए मजबूर कर रहे हैं।

इस संबंध में कलेक्टर को सौंपे मांग पत्र में गंगनहर में 20 मई तक शेयर को रिवाइज कर नरमा बिजाई के लिए 2500 क्यूसेक पानी देने, पानी के

■ **किसानों का कहना है कि फसलों की बुवाई के लिए सिंचाई पानी नहीं देकर सरकार और सिंचाई विभाग आंदोलन के लिए मजबूर कर रहे हैं**

असमान वितरण पर रोक लगाने, कोई 90 प्रतिशत नहर नहीं चलाकर टेल को पूरा पानी देने, ज़हरीले पानी की रोकथाम करने, फिरोजपुर फीडर के निर्माण के समय लिंक चैनल को वैकल्पिक व्यवस्था रूप इस्तेमाल के लिए सफाई करवाने, गंगनहर व सभी वितरिकाओं की सफाई मनरेगा योजना के श्रमिकों से करवाने, नियम विरूद्ध पाइप व मोघे हटाने, गांवों में पेयजल आपूर्ति के लिए नई जलदाय डिग्गियों का निर्माण करवाने, पंजाब व राजस्थान में पानी चोरी पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कानून बनाने, पौंग डैम / भाखड़ा डैम को क्षमता अनुरूप पूरा भरने की मांग की गई है। इस मौके पर किसान नेता एडवोकेट सुभाष सहगल व किसान आर्मी के संयोजक मनिंदर सिंह मान ने कहा कि गंगनहर में सिंचाई पानी का संकट युद्ध जैसी आपात स्थिति से भी अधिक भयंकर है। खेतों में बिजाई नहीं हुई तो किसान की आर्थिक रूप से कमर टूट जायेगी।


केंद्रीय हिंदी निदेशालय

शिक्षा मंत्रालय

प्रवेश सूचना : 2025-26

पत्राचार माध्यम से हिंदी सीखें

हिंदी पत्राचार पाठ्यक्रम में पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित है।

शुल्कः ऑनलाइन डिजिटल मोड/आई.पी.ओ / बैंक ड्राफ्ट द्वारा

| पाठ्यक्रम | शुल्क | |
|---|---|---|
| | भारतीय मुद्रा में | विदेशी मुद्रा में |
| सर्टिफिकेट / डिप्लोमा | रुपये 50/- | $ 50 या समतुल्य |
| एडवांस डिप्लोमा | रुपये 200/- | $ 2000 या समतुल्य |

- शुल्क राशि निदेशक केंद्रीय हिंदी निदेशालय को देय है।
- **आवेदन प्रक्रिया** : विस्तृत विवरण के लिए www.chd.education.gov.in वेबसाइट पर लॉग ऑन करें।
- अधिक जानकारी के लिए कृपया ccchdadmission@gmail.com ई-मेल करें।
- आवेदन की अंतिम तिथि-31/07/25

CBC 21252/11/0001/2526


# रविशंकर के जन्मदिन पर अपना घर आश्रम में 240 प्रभुजनों को भोजन की सेवा

**बीकानेर,** (कासं)। दी आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक रविशंकर के जन्मदिवस के उपलक्ष में आर्ट ऑफ लिविंग के बीकानेर केन्द्र द्वारा वृंदावन एन्क्लेव स्थित अपना घर आश्रम में नाश्ता, दोपहर का भोजन एवं रात्रि भोज की सेवा की गई। आश्रम में रहने वाले सभी 240 प्रभुजनों को यह सेवा दी गई।

आर्ट ऑफ लिविंग ब्यूरो कम्यूनिकेशन के बीकानेर जोनल मीडिया को-ऑर्डिनेटर गिरिराज खैरीवाल के मुताबिक आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ प्रशिक्षक एवं अन्तराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सुमेर भजन गायक जितेन्द्र सारस्वत, लोकेश चतुर्वेदी एवं अपेक्स राजेश मुंजाल ने सभी व्यवस्थाएं देखी तथा सभी प्रभुजनों को अपने हाथों से नाश्ता और भोजन वितरित किया। खैरीवाल ने बताया कि सायं 6 से 7 बजे तक दिव्य सत्संग का आयोजन कर गुरूदेव श्री श्री रविशंकर का बर्थडे मनाया। इस अवसर पर पिछले सप्ताह पाकिस्तान के आतंकी ठिकाने तबाह करने के संघर्ष में शहीद हुए सभी फौजियों तथा पहलगाम में आतंक के शिकार हुए 26 निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उन्होंने बताया कि इन दोनों घटनाओं के कारण आज होने वाली सुमेरू भजन संध्या स्थगित कर दी गई थी। वरिष्ठ प्रशिक्षिका साधना सारस्वत के निर्देशन में मंगलवार सुबह से हैप्पीनेस कोर्स का शुभारंभ हुआ। 6 दिवसीय शिविर का समापन 18 मई को होगा। संस्था के रवि कथूरिया ने बताया कि अतिशीघ्र ही स्थगित हुई सुमेरू भजन एवं रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा।



**दी आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रविशंकर के जन्मदिन पर बीकानेर में अपना घर आश्रम में प्रभुजनों को भोजन करवाया।**

■ **सभी प्रभुजनों को अपने हाथों से नाश्ता और भोजन वितरित किया**

■ **सत्संग का आयोजन कर गुरूदेव श्री श्री रविशंकर का बर्थडे मनाया**


भारत सरकार

जनजातीय कार्य मंत्रालय

छात्रवृत्ति अनुभाग

चयन वर्ष 2024-25 के लिए अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों हेतु राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति योजना (एनओएस)

जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार चयन वर्ष 2025-26 के लिए अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों से राष्ट्रीय समुद्रपारीय छात्रवृत्ति योजना (एनओएस) के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है। विदेश में मास्टर स्तर, पीएचडी और पोस्ट-डॉक्टोरल अनुसंधान कार्यक्रमों में उच्च अध्ययन करने के लिए चुने गए छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

छात्रवृत्ति के लिए स्लॉटों की संख्याः 20

इच्छुक उम्मीदवार एनओएस पोर्टल https://overseas.tribal.gov.in/ के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन जमा करने के लिए पोर्टल 15 मई 2025 से 30 जून 2025 (शाम 5:30 बजे तक) खुला रहेगा।

अधिक जानकारी के लिए उम्मीदवार मंत्रालय के पोर्टल पर जा सकते हैं: https://overseas.tribal.gov.in/

CBC 43101/11/0007/2526